आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- चिकित्सा अधिकारियों को एन.पी.ए. देने पर विचार करेगी राज्य सरकार– कैंसर देखभाल संस्थानों को मजबूत करने पर 8 सौ करोड़ रूपए होंगे खर्च।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज से दिल्ली दौरे पर– प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों पर केंद्रीय मंत्रियों के साथ करेंगे चर्चा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन के 25 वर्ष पूरे होने को लेकर भाजपा 17 सितंबर से चलाएगी सेवा संकल्प अभियान।
- कीतरपुर–मनाली फोरलेन सड़क पर दयोड़–हनोगी के बीच बनी सुरंग का सफल ट्रायल पूरा– अगले चार दिनों में सड़क खोलने की तैयारी।
- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के बेहतर संचालन के लिए शिमला जिले को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार चिकित्सा अधिकारियों को नॉन–प्रैक्टिसिंग अलाउंस– एनपीए देने पर विचार करेगी। उन्होंने आज शिमला में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में बताया कि मरीजों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को सुदृढ़ किया जा रहा है और खाली पद चरणबद्ध ढंग से भरे जा रहे हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश में कैंसर के मामलों में वृद्धि को देखते हुए राज्य सरकार प्रदेश में कैंसर देखभाल संस्थानों को मज़बूत करने पर 8 सौ करोड़ रूपए खर्च कर रही है। इसके अलावा एम्स दिल्ली की तर्ज पर अत्याधुनिक मशीनें और चिकित्सा उपकरण खरीदे जा रहे हैं।

<u>मुख्यमंत्री दौरा</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज से नई दिल्ली के दौरे पर है। इस दौरान वे विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों के साथ प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी मुख्यमंत्री कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री का 9 सितंबर को शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

<u>भाजपा</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन के 25 वर्ष पूरे होने को लेकर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में बताया कि राज्य में ये अभियान 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे और सामाजिक सेवा से जुड़े

विभिन्न कार्य किए जाएंगे। बिंदल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 12 साल गुजरात के मुख्यमंत्री और 13 साल भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश को विकास का मॉडल दिया है।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज रिकांगपिओ में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की और किन्नौर जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जनजातीय विकास विभाग के तहत किन्नौर जिले में 78 करोड़ 22 लाख रूपए की राशि से अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। नेगी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में बॉर्डर एरिया डवेल्पमेंट कार्यक्रम के तहत भी विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बागवानी, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन और सामाजिक कल्याण विभाग को राज्य सरकार की योजनाओं का पंचायत स्तर तक व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

## टनल

मंडी जिले में कीरतपुर–मनाली फोरलेन सड़क पर दयोड़–हनोगी के बीच बनी सुरंग का आज सफलतापूर्वक ट्रायल किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस मार्ग को अगले चार दिनों में खोलने को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।

## खाद्य प्रसस्करण

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत शिमला जिले को बैस्ट परफॉर्मेंस का आवार्ड मिला है। नई दिल्ली में हुए एक समारोह में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से जिला नोडल अधिकारी संजय कंवर को ये पुरस्कार प्रदान किया गया। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने इस कार्य से जुड़ी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ये उपलब्धि प्रदेश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को बढ़ावा देने व स्थानीय उद्यमियों को योजना का लाभ पहुंचाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करती है।

## कंगना रणौत

सांसद कंगना रणौत ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज कुल्लू में जिला विकास समन्वय व अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता कर ज़िले में चल रही केंद्र प्रायोजित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। कंगना रणौत ने अधिकारियों को ज़िले के स्थानीय व प्राकृतिक उत्पादों को देश–विदेश के बाज़ारों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग करने के निर्देश भी दिए।

## पैंशनर

राज्य पैंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति ने पैंशनरों की लंबित देनदारियों को लेकर राज्य सरकार पर लोगों को गुमराह करने और विधानसभा में गलत आंकड़े प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने आज धर्मशाला में कहा कि मुख्यमंत्री ने मॉनसून सत्र के दौरान विधानसभा में बताया कि 75 वर्ष से अधिक आयु के पैंशनरों के एरियर, लीव इनकेशमेंट और ग्रेच्यूटी सहित अन्य वकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है, जो पूरी तरह भ्रामक है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज कुल्लू में बंजार विधानसभा क्षेत्र के पंचायतीराज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में शिरकत की। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से दलगत राजनीति से उपर उठकर लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करने का आह्वान किया। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया और जानबूझ कर चुनाव करवाने में देरी की। उन्होंने दावा किया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में लोगों ने भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया है और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा प्रचंड जीत हासिल करेगी।

अटॉर्नी

राज्य अटॉर्नी कल्याण एसोसिएशन की एक बैठक बिलासपुर में हुई, जिसमें एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों और कार्यकारी निकाय का गठन किया गया। इसमें जिला अटॉर्नी कांगड़ा एन. एस. चौहान को सलाहकार, जिला अटॉर्नी गृह–राज्य सचिवालय नवीन चंद्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सहायक जिला अटॉर्नी स्वास्थ्य–शिमला रोहिन बिष्ट को सचिव चुना गया। इसके अलावा भी अनेक सदस्यों का चुनाव किया गया।